Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 215 ▫ रायपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित  RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## मूसलाधार बारिश से इंद्रावती नदी उफान पर, भैरमगढ़ में 23 घर ढहे, यातायात ठप



### 80 ग्रामीण राहत शिविर में, सड़क मार्ग भी बाधित

**बीजापुर,** 29 अगस्त (हाईवे चैनल)। बीते तीन दिनों से लगातार हुई मूसलाधार बारिश ने भैरमगढ़ ब्लॉक में भारी तबाही मच गई है। बारिश के चलते क्षेत्र की कई नदियां और नाले उफान पर आ गए, जिससे गांवों में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए। प्राकृतिक आपदा का सबसे अधिक असर चेरली और सुरोखी गांवों में देखने को मिला, जहां कुल 23 घर पूरी तरह ढह गए हैं। हादसे में 18 मवेशियों की भी मौत हो गई है। हालात को देखते हुए प्रशासन ने दोनों गांवों के करीब 80 प्रभावित ग्रामीणों को सुरोखी की प्राथमिक शाला भवन में अस्थायी रूप से शरण दी है, जहां भोजन और पानी की व्यवस्था की गई है।

तहसीलदार सूर्यकांत धरत के मुताबिक बारिश और बाढ़ के कारण कोसलनार, मंगनार, बेलनार और बांगोली पंचायतों के लगभग 15 गांवों में अभी भी बिजली आपूर्ति ठप है। साथ ही इन गांवों से सड़क संपर्क मार्ग पहले से ही बंद पड़े हैं। गांवों में स्वास्थ्य टीमों की तैनाती की जा रही है और प्रभावितों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। हालांकि, मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटों में भी भारी बारिश की संभावना जताई है, जिससे चिंता और बढ़ गई है।

बीजापुर जिले में भारी बारिश के चलते इंद्रावती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। तिमेड स्थित इंद्रावती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ते हुए 11.570 मीटर तक पहुंच गया। जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी के चलते नेशनल हाइवे 163 पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है। तारलागुड़ा के पास इंद्रावती नदी का पानी हाइवे पर चढ़ गया है, जिससे रामपुरम के निकट आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा न करने और पूरी सतर्कता बरतने की अपील की है। मूसलाधार बारिश के बीच रात को जगदलपुर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड में बनी एक पुराने मकान का प्रथम तल अचानक से धस गया, जिसकी जानकारी लगते ही एसडीआरएफ टीम के साथ ही महापौर व निगम दस्ता आ पहुँचा, जहाँ घर के परिवार को बाहर निकाला गया।

श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड में इस पुराने घर का पहला मंजिल धस गया, जिसकी जानकारी लगते ही घर में रहने वाले लोग बाहर आ गए, मामले की जानकारी लगने के बाद महापौर संजय पांडे, एसडीआरएफ टीम के सेनानी संतोष मार्बल के अलावा आला अधिकारियों की टीम आ पहुंची।

## विदेश दौरे से वापस लौटेंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत की तैयारी



### भाजपा कार्यकर्ता रहेंगे मौजूद

**रायपुर,** 29 अगस्त (हाईवे चैनल)। सीएम विष्णुदेव साय अपने 10 दिवसीय विदेश दौरा पूरा करने के बाद 30 अगस्त को वापस लौटेंगे. मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए शहर जिला भाजपा ने विशेष तैयारियां की है. सीएम के रायपुर एयरपोर्ट पर पहुंचते ही भाजपा उनका भव्य स्वागत करेंगी. स्वागत की तैयारी को लेकर रायपुर शहर जिला भाजपा ने गुरुवार को बैठक किया. जिसमें सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

बैठक में भाजपा नेताओं ने स्वागत की तैयारियों पर चर्चा की. साथ ही, बैठक में मौजूद नेता और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की. बता दें कि, भाजपा भव्य तरीके से सीएम का स्वागत करेंगी. इसके अलावा, एयरपोर्ट से मुख्यमंत्री निवास तक स्वागत रैली भी बीजेपी निकालेगी। बता दें कि, सीएम विष्णुदेव साय 10 दिवसीय यात्रा पर जापान और दक्षिण कोरिया पहुंचे. वे वहां इलेक्ट्रानिक्स, ऑटोमोबाइल- फूड प्रोसेसिंग सेक्टर के उद्यमियों से मुलाकात की. सीएम जापान के ओसाका में वर्ल्ड एक्सपो में शामिल हुए. इसके अलावा उन्होंने सियोल में दक्षिण कोरिया के सबसे बड़े व्यापार संगठन इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन (चद्दृञ्ज) के चेयरमैन जिन सिक युन और वाइस प्रेसिडेंट किम की ह्यून से मुलाकात की. मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी कौशल्या देवी साय और प्रशासनिक अधिकारी भी विदेश दौरे पर रवाना हुए।

## ब्रेकिंग न्यूज

### आरबीआई के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल बने आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक



**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (न्यूज चैनल)। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में कार्यकारी निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। भारत सरकार ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है और वह अगले तीन साल तक इस महत्वपूर्ण पद पर अपनी सेवाएं देंगे। यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि उर्जित पटेल जैसा अनुभवी अर्थशास्त्री वैश्विक मंच पर भारत की आर्थिक नीतियों को मजबूती से पेश कर सकता है। उर्जित पटेल ने सितंबर 2016 में रघुराम राजन के बाद आरबीआई के 24वें गवर्नर का पद संभाला था। उनका कार्यकाल दिसंबर 2018 में समाप्त हो गया था जब उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 1992 के बाद सबसे छोटा रहा।

### वैष्णो देवी यात्रा लगातार चौथे दिन भी स्थगित

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (न्यूज चैनल)। कटरा में श्री माता वैष्णो देवी यात्रा शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी स्थगित रही, क्योंकि भारी बारिश के कारण क्षेत्र में कई जगह भूस्खलन हुआ। इस व्यवधान के कारण कई श्रद्धालु फँस गए और कई को बिना दर्शन किए ही लौटना पड़ा। प्रभावित लोगों में से, श्रद्धालुओं ने अपना दुख व्यक्त किया और घायलों व मृतकों के लिए प्रार्थना की। एएनआई से बात करते हुए, सुशील सिंह नाम के एक श्रद्धालु ने कहा कि हम लगभग 18-20 लोग वैष्णो देवी यात्रा में भाग लेने के लिए यहाँ आते हैं।

## शराब घोटाला मामला

### झारखंड जेल से 2 आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर रायपुर लेकर आई ईओडब्ल्यू



**रायपुर,** 29 अगस्त (हाईवे चैनल)। शराब घोटाला मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. झारखंड जेल में बंद शराब घोटाले के आरोपी अतुल सिंह और मुकेश मनचंदा को प्रोडक्शन वारंट पर बुधवार देर रात रायपुर लाया गया. यह दोनों आरोपी ओम साईं बेवरेज कम्पनी के डायरेक्टर हैं।

ईओडब्ल्यू की टीम शुक्रवार को दोनों आरोपियों को रायपुर विशेष कोर्ट में पेश करेगी. कोर्ट से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लेने का आवेदन किया जा सकता है. पूछताछ में शराब घोटाले से जुड़े कई राज सामने आ सकते हैं। जानकारी के अनुसार, ईओडब्ल्यू में पंजीबद्ध आबकारी प्रकरण अपराध क्रमांक 04/2024 धारा 7 ए 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित अधिनियम 2018 व 420 ए, 467ए, 468 ए, 471 ए, 120 बी भादवि की विवेचना के अनुक्रम में को आरोपियों रिमांड पर लिया गया है. विदेशी शराब लायसेंसी कंपनी ओम साईं बेवरेज कंपनी के डायरेक्टर आरोपी अतुल सिंह व मुकेश मनचंदा झारखण्ड शराब प्रकरण में रांची जेल में निरुद्ध थे. पूर्व में इस कंपनी के मुख्य लाभार्थी विजय भाटिया को गिरफ्तार किया जा चुका है. उल्लेखनीय है कि विदेशी शराब में कमीशन संबंधित तथ्यों पर आधारित छठवां अभियोग पत्र 26 अगस्त को विशेष न्यायालय रायपुर में पेश किया गया है।

## जापान से पीएम मोदी ने दिया नया मंत्र

### मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड, भारत-जापान आर्थिक संबंधों को मज़बूत करना है



**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए दोनों देशों के बीच गहरी होती रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी पर ज़ोर दिया। टोक्यो में बोलते हुए, मोदी ने भारत के तेज़ विकास, जापानी निवेश की बढ़ती भूमिका और एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में भारत के उज्ज्वल भविष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जापानी कंपनियों ने भारत में 40 अरब डॉलर से ज़्यादा का निवेश किया है, जिसमें से 13 अरब डॉलर पिछले दो वर्षों में ही आए हैं, जो भारत के विकास पथ पर मज़बूत विश्वास को दर्शाता है।

मोदी ने भारत के स्थिर राजनीतिक माहौल और पारदर्शी नीतिगत ढाँचे की ओर इशारा करते हुए कहा कि आज, भारत में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता है। हमारी नीतियों में पारदर्शिता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और निकट भविष्य में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। प्रधानमंत्री ने भारत की प्रगति का श्रेय सुधारों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को देते हुए कहा कि भारत में इस बदलाव के पीछे हमारा सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन का दृष्टिकोण है। उन्होंने रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में पहले किए गए सुधारों को आगे बढ़ाते हुए, परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए खोलने के सरकार के फैसले की घोषणा की। मज़बूत द्विपक्षीय संबंधों पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने जापान को भारत की विकास यात्रा में एक प्रमुख भागीदार बताया। उन्होंने कहा कि मेट्रो रेल से लेकर विनिर्माण, सेमीकंडक्टर से लेकर स्टार्टअप तक... जापान हमेशा से एक महत्वपूर्ण भागीदार रहा है। मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कई जापानी व्यापारिक नेताओं के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों का भी उल्लेख किया।

## ओवरटेक के प्रयास में बाइक सवार की ट्रैक्टर के पहिये के नीचे दबकर मौत

### पत्नी को लाने जाने के दौरान मगरलोड नवागांव हाई स्कूल के पास हुआ हादसा



**धमतरी,** 29 अगस्त (हाईवे चैनल)। मिली जानकारी अनुसार आज ग्राम हसदा ,करेली बड़ी चौकी निवासी ताम्रज ध्रुव पिता चैतू राम ध्रुव 30 वर्ष जो सुबह घर से 8.15 बजे मोटरसाइकल साइन होंडा सीजी 05 वी 7855 में अपनी पत्नी को ससुराल से लाने के लिए निकला हुआ था। लगभग 8.30 बजे मेन रोड नवागांव हाई स्कूल के पास कुंडेल से गिट्टी भरकर महेंद्रा ट्रैक्टर सीजी 05 जी 7469 को ओवर टेक करने से बाईक चालक युवक ट्रैक्टर की चपेट में आ गया जिससे उसके सिर व पीठ में गंभीर चोट लगने से मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत शुक्ला , प्रधान आरक्षक शेषनारायण पांडे,चैतराम जोगी मौके पर पहुंचे। मर्ग कायम कर पंचनामा पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। ट्रैक्टर को थाने में लाकर खड़ा किया गया है।


## सीएम नीतीश कुमार कैबिनेट का बड़ा फैसला

### रोजगार के लिए मिला सीधा ऑफर



**नई दिल्ली**, 29 अगस्त (न्यूज चैनल)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने 2005 में सत्ता संभालने के बाद से ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं और अब इसी दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) पर महिला सशक्तिकरण को लेकर एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने लिखा कि नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अब महिलाएं अपनी मेहनत से न केवल राज्य के विकास में योगदान दे रही हैं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसी मिशन को आगे बढ़ाते हुए कैबिनेट की बैठक में 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' को मंजूरी दी गई है। इस योजना का उद्देश्य राज्य के हर परिवार की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है

## छत्तीसगढ़ में 11 से बढ़कर 14 हुए मंत्री, हाईकोर्ट में याचिका दाखिल, 2 सितंबर को होगी सुनवाई



**बिलासपुर,** 29 अगस्त (हाईवे चैनल)। प्रदेश की भाजपा सरकार में हाल ही में तीन नए मंत्रियों को शपथ दिलाई गई. जिसके बाद कैबिनेट में 11 से बढ़कर 14 मंत्री हो गए. कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया था. अब ये पूरा मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है. जहां जनहित याचिका दाखिल कर सामान्य प्रशासन विभाग, मुख्यमंत्री सहित सभी 14 मंत्रियों को पक्षकार बनाया गया है.

मामले में शुक्रवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई. इस दौरान हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता बसदेव चक्रवर्ती से शपथपत्र मांगा है. कोर्ट ने जनहित याचिका की गंभीरता परखने के लिए उनसे उनके सामाजिक कार्यों और पृष्ठभूमि का विवरण पेश करने को कहा है. साथ ही राज्य शासन को भी इस मामले में पक्ष रखने को कहा गया है. मामले की अगली सुनवाई 2 सितंबर को होगी. ज्ञात हो, कि बीते 20 अगस्त को छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया है, जिसमें गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब और राजेश अग्रवाल को शामिल किया गया. मंत्रिपरिषद में अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित कुल 14 सदस्य हो गये हैं. मंत्रिमंडल की संख्या को लेकर कांग्रेस का तर्क है, कि मंत्रियों की संख्या विधानसभा में कुल सीटों के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती. छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीटों के हिसाब से यह संख्या अधिकतम 13.50 यानी 13 मंत्री होनी चाहिए. लेकिन 20 अगस्त को तीन नए मंत्री बनाए जाने के बाद कैबिनेट में अब 14 सदस्य हो गए हैं, जो इस सीमा से अधिक है. कांग्रेस का कहना है कि यह संविधान के अनुच्छेद 164 (1 क) का उल्लंघन है. इधर, भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को निराधार बताया है, और मंत्रियों की संख्या को लेकर हरियाणा में लागू फार्मूले का उदाहरण पेश कर रही है.

## नवनिर्मित विधानसभा में 25 फीट ऊंची अंबेडकर की प्रतिमा होगी स्थापित



### अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की अनुशंसा

**रायपुर,** 29 अगस्त (हाईवे चैनल)। नवा रायपुर अटल नगर स्थित नवनिर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन परिसर में भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 25 फीट से ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी. छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की अनुशंसा की है.

विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से लोक निर्माण विभाग और संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में जल्द आवश्यक निर्देश जारी करने का भी आग्रह किया है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने गठन के 25 वर्षों की यात्रा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं. संविधान में निहित स्वतंत्रता, समता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांतों से प्रेरित होकर यह राज्य समावेशी विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि नवनिर्मित विधानसभा परिसर में प्रस्तावित डॉ. अंबेडकर की यह भव्य प्रतिमा न केवल संविधान निर्माता को यथोचित सम्मान अर्पित करेगी, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए सामाजिक समता, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रेरणा का प्रतीक भी बनेगी. उल्लेखनीय है कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर 12 दिसंबर 1945 को रायपुर आए थे और वर्तमान माधवराव सप्रे शाला परिसर (तात्कालीन लॉरी स्कूल) में ऐतिहासिक जनसभा को संबोधित किया था. इस यात्रा ने छत्तीसगढ़ की धरती को उनके विचारों और व्यक्तित्व से सशक्त बनाया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस और छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर नवा रायपुर में नवनिर्मित विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे. यह पहल डॉ. अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी (ए.डब्ल्यू.एस.) की ओर से की गई है. सोसाइटी के चेयरमैन दिलीप वासनीकर एवं प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष से विगत दिनों मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था. उन्होंने राज्य स्थापना के रजत महोत्सव वर्ष में यह प्रतिमा स्थापित करने का निवेदन करते हुए इसे सामाजिक समता और लोकतांत्रिक मूल्यों के संवर्द्धन की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया.